संख्या– /xxiv(7)/2014–19(घो.)/12

प्रेषक,

मनीषा पवार
प्रमुख सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा,
हल्द्वानी नैनीताल।

डिग्री प्लान / ...
9/10/14

शिक्षा अनुभाग–7(उच्च शिक्षा) देहरादून दिनांक 29 सितम्बर, 2014

**विषयः–** **जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत दुर्गनाकुरी में नये राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्नातक स्तर पर कला संकाय के कक्षाओं के संचालन** हेतु शिक्षक/**शिक्षणेत्तर** पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र संख्या : डिग्री प्लान/8915/2013–14 दिनांक 21.09.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत दुर्गनाकुरी में नये राजकीय महाविद्यालय की स्थापना एवं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत निम्नविवरणानुसार शिक्षक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के पदों का सृजन शासनादेश निर्गत होने की तिथि अथवा नियुक्ति की तिथि जो भी बाद में हो, से दिनांक 28 फरवरी, 2015 तक (शर्तें कि ये पद इसके पूर्व समाप्त न कर दिये जॉय) के लिये सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

| कसं | पदनाम | वेतनमान रू. में | ग्रेडवेतन रू. में | पदों की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 37400–67000 | 10000 | 01 एक |
| 2 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–हिन्दी | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 3 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–अंग्रेजी | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 4 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–समाजशास्त्र | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 5 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–संस्कृत | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 6 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–राजनीतिशास्त्र | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 7 | असिस्टेन्ट प्रोफेसर–अर्थशास्त्र | 15600–39100 | 6000 | 01 एक |
| 8 | सहायक पुस्तकायाध्यक्ष | 5200–20200 | 2800 | 01 एक |
| 9 | वरिष्ठ सहायक | 5200–20200 | 2800 | 01 एक |
| 10 | कनिष्ठ सहायक | 5200–20200 | 2000 | 02 दो |
| 11 | पुस्तकालय लिपिक | 5200–20200 | 2000 | 01 एक |
| 12 | बुक लिफ्टर | आउटसोर्सिंग के माध्यम से | | 01 एक |
| 13 | अनुसेवक | | | 02 दो |
| 14 | स्वच्छक/चौकिदार | | | 02 दो |
| | कुल योग– | | | 17 पद |

2– उक्त तालिकानुसार स्वीकृत किये जा रहे पदों के सम्बन्ध में यथा आवश्यक कार्यवाही निदेशालय द्वारा सम्पन्न की जायेगी।

क्रमशः.............2/

3- सृजित पदों के सापेक्ष सुसंगत सेवानियमावली के आलोक में नियमानुसार नियुक्ति की जायेगी। तथा आउटसोर्सिंग के पदों पर उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2008 के विहिन प्राविधानों के अनुसार कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

4- उक्त पदों के सृजन आदि पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-11 के आयोजनागत पक्ष में लेखाशीर्षक-2202-सामान्य शिक्षा-03-विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा-103-राजकीय कालेज तथा संस्थान-08-नये राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना की सुसंगत इकाइयों से वहन किया जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या : 154 (p)/xxvii(3)/2014-15 दिनांक 22 सितम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव।

पृ०सं० 2729(1)/xxiv(7)/2014-19(घो.)/12तददिनांकित।

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार उत्तराखण्ड, देहरादून।
2- आयुक्त कुमायूँ मण्डल नैनीताल।
3- जिलाधिकारी बागेश्वर।
4- निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी उत्तराखण्ड शासन।
5- लेखाधिकारी, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी।
6- कोषाधिकारी संबंधित कोषागार।
7- निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड।
8- अनुभाग अधिकारी, घोषणा अनुभाग को घो.सं.-608/12 के कम में।
9- वित्त अनुभाग-3/नियोजन विभाग उत्तराखण्ड शासन।
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(लक्ष्मण सिंह)
उप सचिव।

mail
31/10/2019

उत्तराखण्ड शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–07
संख्या– —— /XXIV(7)/2019–19(घो0)2012
देहरादून,दिनांक 25 अक्टूबर, 2019

## कार्यालय ज्ञाप

एतदद्वारा सम्यक विचारोपरान्त राजकीय महाविद्यालय, दुगनाकुरी (बनलेख) जनपद बागेश्वर का नाम तत्काल प्रभाव से " शहीद महेन्द्र सिंह भाकुनी राजकीय महाविद्यालय दुगनाकुरी (बनलेख), जनपद बागेश्वर" के नाम किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

(अशोक कुमार)
प्रभारी सचिव।

संख्या– 1121 (1)/XXIV(7)/2019–19(घो0)2012, तददिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव, श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड।
2–निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3–निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
4–आयुक्त, कुमाँऊ मण्डल नैनीताल।
5–जिलाधिकारी, बागेश्वर।
6–निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी–नैनीताल।
7–प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, दुगनाकुरी (बनलेख) जनपद बागेश्वर।
8–सम्बन्धित कोषाधिकारी, द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा।
9–निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, देहरादून।
10–निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड।
11–उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की (हरिद्वार) को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आदेश का गजट नोटिफिकेशन कराते हुये 25 प्रतियाँ शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12–गार्ड फाईल।

Seen
31.10.19

आज्ञा से,

(शिवस्वरूप त्रिपाठी)
उप सचिव।